
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दस हजार उपभोक्ताओं को राशन मिलने पर लगी रोक

**जिम्मेदार कौन**

## राशन कार्ड आनलाइन करने के लिए जमा किये गये दस्तावेज में पाई गई गड़बड़ी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिले के दस हजार से भी अधिक राशन उपभोक्ताओं के राशन मिलने पर अब रोक लग गई है। राशन कार्ड आनलाइन करने के लिए जमा किये गये दस्तावेजों में में गड़बड़ी मिलने पर दिक्कत सामने आयी है। बता दें कि सरकार की नई नीति के मुताबिक वर्तमान में हर जिले में अब एटीएम कार्ड की तरह राशन कार्ड बनने लगे है। इस कार्ड के माध्यम से किसी भी राशन विकेता के यहां से राशन कार्ड धारक अपना राशन ले सकता है।

वही इस योजना के तहत आधार कार्ड, गैस कनेक्शन का ब्यौरा व बैक का खाता नंबर राशन विकेता को देना है। जिला पूर्ति विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के दस हजार से भी ज्यादा लोगों के राशन कार्ड बनवाने के लिए दिये गये दस्तावेजों में काफी तादात में गड़बड़ी पाई गई है।



अब ऐसे हालातों में जिले के पूर्ति विभाग ने इन गड़बड़ी वाले दस्तावेजों में राशन देने पर रोक लगा दी है। वही जब कुछ लोग राशन लेने अपने राशन विकेता के दुकान में राशन लेने पहुंचे तो राशन विकेता ने इन लोगों को बताया कि वे पहले पूर्ति विभाग के कार्यालय में जाकर अपने दस्तावेजों को सुधार कर लाये और जो भी उनके दस्तावेजों में गड़बड़ी है इसको पूर्ति विभाग जब तक सुधार कर नही देगा तब तक राशन विकेता के यहां से राशन मिलने में स्वाभाविक तौर पर दिक्कत आनी है।

राशन विकेता के दुकान से वापस लौटकर ये लोग पूर्ति विभाग के कार्यालय में पहुंचे तो वहां जाकर पता चला कि वास्तविक तौर पर राशन कार्ड आनलाइन बनाने के लिए सम्मिलित किये दस्तावेजों में काफी कमियां है।

राशन कार्ड सुधारने पहुंचने लोगों ने बताया कि राशन कार्ड बनाने में पूर्ति विभाग में जमकर लंबी कतार लग रही है। राशन कार्ड सुधारने में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी एमएस रावत ने बताया कि कई राशन कार्ड धारकों ने पुराना आधार कार्ड लगाया है वही ये पुराना आधार कार्ड राशन कार्ड के साफटवेयर से मैच नही कररहा है। वही ऐसे हालात में जिले के लोगों को राशन लेने में मुश्किले हो सकती है। लोगों को फिर से मौका दिये जाने के निर्देश दिये जा रहे है जल्द आदेश मिलते ही प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। लोगों को राशन के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।

## न्यूज डायरी

### नगर निकायों को दाखिल खारिज के अधिकार मामले पर सुको जाएगी सरकार

**संवाददाता** नैनीताल। नगर निकाय क्षेत्रों में लैंड रेवन्यू अधिनियम अफसरों का दाखिल खारिज करना नियम विरुद्ध है। हाईकोर्ट के एक मामले में पारित इस आदेश के बाद राज्य के निकाय क्षेत्रों खासकर नगर निगम क्षेत्र में राजस्व अफसरों ने दाखिल खारिज करने से हाथ खींच लिए हैं। अब निकायों को दाखिल खारिज का अधिकार देने के मामले में राज्य सरकार ने व्यापक विधिक विमर्श के बाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। न्याय विभाग की ओर से इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त सरकारी अधिवक्ता को पत्र भेजा जाएगा। दरअसल पिछले साल 16 दिसंबर को हाईकोर्ट के न्यायधीश न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा की एकलपीठ ने एक मामले में अहम आदेश पारित किया।

### देह व्यापार मामले में फरार दो आरोपितों की तलाश में पुलिस

**संवाददाता** रुद्रपुर। किशोरी को छह लाख रुपये में बेचने की तैयारी की सूचना के बाद हुए पुलिस ने रुद्रपुर में देह व्यापार के धंधे का पर्दाफाश किया था। मामले में आरोपित फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस ने तलाश तेज कर दी है। इसके लिए पुलिस ने जिले के कई संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। जबकि मामले में दो महिला समेत पांच लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसकी नाबालिग पुत्री घर में किसी को बताए अक्सर कई दिनों तक गायब रहती है। जिस पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने जांच शुरू कर दी थी। इस दौरान पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसे और उसकी सहेली को एक युवती और दो युवक कई दिनों से अपने पास रखकर गलत काम करा रहे थे।

### रोगी को सर्वोत्तम उपचार देना प्राथमिकताः डा. रावत

**संवाददाता** श्रीनगर गढ़वाल। पेशेंट सेफ्टी डे को लेकर श्रीनगर मेडिकल कालेज प्रशासन की ओर से बेस अस्पताल श्रीकोट श्रीनगर के लेक्चर थिएटर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मेडिकल कालेज के सभी चिकित्सकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट और जूनियर रेजीडेंट डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ भी शामिल हुए। श्रीनगर मेडिकल कालेज के प्राचार्य और कम्युनिटी मेडिसन विशेषज्ञ प्रोफेसर डा. चंद्रमोहन सिंह रावत ने पेशेंट सेफ्टी को लेकर चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और पैरा मेडिकल स्टाफ को शपथ भी दिलाई। विभिन्न चरणों में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में रोगी को श्रेष्ठ उपचार देने को लेकर विचार–विमर्श का दौर भी चला। इसके लिए प्राचार्य प्रोफेसर डा. चंद्रमोहन सिंह रावत की अध्यक्षता में विभिन्न पैनल डिस्कशन भी बनाए गए थे।

## कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा हरिद्वार के भूपतवाला से शुरू

**संवाददाता** हरिद्वार। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा भूपतवाला स्थित श्री राधा कृष्ण धाम से हर की पैड़ी के लिए रवाना हुई। वाहन नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय आदि सवार हैं।

बढ़ती महंगाई, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण, बेरोजगारी, किसान विरोधी कृषि बिल और भेल में संविदा श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय, सिडकुल में स्थानीय लोगों को 70 फीसद रोजगार आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस की दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा शनिवार सुबह दस बजे हरकी पैड़ी से शुरू हुई। आर्य नगर चौक, ज्वालापुर वाल्मीकि बस्ती, टिहरी विस्थापित कालोनी, भेल सेक्टर तीन, पायल सिनेमा, शिवालिक नगर होते बहादराबाद पहुंची।

बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, सह प्रभारी दीपिका पांडे, राजेश धर्मानी, मीडिया प्रभारी जरिता, किशोर उपाध्याय समेत कई दिग्गज शुक्रवार शाम ही धर्मनगरी पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह शनिवार सुबह पहुंचे। इन्होंने गंगा पूजन और आरती में हिस्सा लिया। देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इधर यात्रा को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जगह–जगह बैठकों का दौर चलता रहा। महापौर के पति और पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने जनता अब कांग्रेस की ओर उम्मीद लगाए बैठी है।



## हड़ताल पर जाएंगे नगर निगम के सफाई कर्मचारी

**संवाददाता** रुड़की। नगर निगम के अस्थायी सफाई कर्मचारी के आत्महत्या करने के प्रयास के मामले में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने तेवर तीखे कर लिए हैं। संगठन पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ शनिवार को वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि सोमवार तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती है तो सफाई कर्मचारी मंगलवार से हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। रामनगर नई बस्ती निवासी व नगर निगम के अस्थायी सफाई कर्मचारी मोहित ने शुक्रवार को गले में फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। लेकिन, ऐन वक्त पर स्वजन ने उसे देख लिया और उसे जैसे–तैसे बचा लिया।

# मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास कार्यो के लिये वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिये विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत वार्ड सं0–88 मेहूवाला में ऋषिविहार में आईटीबीपी के पीछे नाले को भूमिगत करते हुए सड़क का चौड़ीकरण कार्य किये जाने हेतु 188.79 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत वार्ड संख्या 89 तथा 90 में दुर्गा विहार, हरभजवाला, कुमाऊँनी बस्ती, नन्दा एन्क्लेव, तुन्तोवाला, चन्द्रताल, विष्णुपुर, माया एन्क्लेव तथा नीलवाला में मार्ग एवं नाली निर्माण हेतु 204.26 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के



अन्तर्गत बेदीखाल भरोलीखाल एरोली मोटर मार्ग का चन्दोली तक विस्तारीकरण हेतु 133.58 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत मदन नेगी खोला मोटर मार्ग के कि0मी0 01 से मोटना मदन नेगी मोटर मार्ग के जलवागांव तक मोटर मार्ग का नव–निर्माण हेतु 3.75 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अन्तर्गत ऐंचोली बड़ावे मोटर मार्ग के कि0मी0 13 पत्थरखानी से सेलकटिया डुबरिया बिजरकाण्डा धुईरा तक मोटर मार्ग का नव–निर्माण हेतु 104.35 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारियों को कोविड–19 में उनके द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों एवं सेवाओं हेतु सम्बन्धित 649 कार्मिकों को एकमुश्त 10,000 रूपये प्रति कार्मिक प्रोत्साहन राशि दिये जाने को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## संगठन के बलबूते ही हल होगी व्यापारियों की समस्या

**संवाददाता** रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से रुड़की में जिला सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कोरोना काल में व्यापार पर पड़े दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। साथ ही मांग उठाई कि संगठन के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाए, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए संगठन के प्रदेश चेयरमैन अनिल गोयल ने कहा कि संगठन का एक ही उद्देश्य है कि उत्तराखंड के व्यापारियों का कोई भी शोषण न कर सके। इसके लिए पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत किया है। रुड़की इकाई ने इसमें अहम भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिए समय–समय पर सरकार को संगठन सुझाव देता है। यदि सरकार सुझाव नहीं मानती तो धरना प्रदर्शन कर सरकार को व्यापार मंडल की ताकत का अहसास कराया जाता है। आज संगठन की प्रदेश में 376 इकाईयां है।